नीति निर्माण में सक्षम और प्रतिबद्ध युवा शामिल हों

विकसित भारत के लिए पंच प्रण पर जोर, सार्वजनिक जीवन में आने का आग्रह

2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना लक्ष्य : गोयल

युवाओं को परिवर्तन का प्राथमिक चालक बताया

नोएडा, 18 जुलाई.केंद्रीय वाणिय और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को नीति निर्माण में करुणा, समर्पण और सेवा भावना के साथ सक्षम और प्रतिबद्ध व्यक्तियों के योगदान पर जोर दिया. नोएडा में आईआईएमयूएन कॉन्फ्रेंस 2025 के उद्घाटन पर, गोयल ने युवाओं से भारत के भविष्य की बागडोर संभालने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण में परिकल्पना की है.

गोयल ने अमृत काल को भारत के लिए एक निर्णायक क्षण बताया, जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है. उन्होंने युवाओं को इस परिवर्तन का प्राथमिक चालक बताते हुए पंच प्रण को गंभीरता से अपनाने का आह्वान किया–

विकसित राष्ट्र का संकल्प- भारत को एक विकसित देश बनाना- औपनिवेशिक मानसिकता का त्याग: अतीत की बाधाओं से मुक्त होकर वैश्विक मानक स्थापित करना.

विरासत पर गर्व– विकास के साथ विरासत का संरक्षण, विविधता में एकता को बढ़ावा देना.

एकता और अखंडता– राष्ट्र की एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देना, जो भारत की सबसे बड़ी ताकत है.

नागरिकों का सामूहिक संकल्प– 1.4 अरब भारतीयों का राष्ट्र निर्माण में मिलकर काम करना, जिसमें हाशिए पर पड़े और वंचितों की चिंता शामिल हो.

> मंत्री ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण को कर्तव्य और विशेषाधिकार मानकर प्रतिबद्धता से कार्य करने को प्रोत्साहित किया. उन्होंने दूसरों की परवाह करने और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया, जैसा कि प्रधानमंत्री ने 2024 स्वतंत्रता दिवस पर एक लाख युवाओं से राजनीति और सार्वजनिक सेवा में आने का आह्वान किया था. गोयल ने शिक्षकों और सलाहकारों के महत्वपूर्ण योगदान को भी याद किया, जो व्यक्तियों और राष्ट्र के भविष्य को आकार देते हैं.

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के नतीजे घोषित, शानदार रही पहली तिमाही

मुंबई. रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के पहली तिमाही के नतीजे घोषित किए गए. वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में रिलायंस का कंसोलिडेटिड राजस्व 273,252 करोड़ (31.9 बिलियन) दर्ज किया गया. उपभोक्ता व्यवसायों के लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर यह पिछले वर्ष की तुलना में 6.0ज्अधिक रहा.

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में रिलायंस का कंसोलिडेटिड एबिटडा 35.7ज् बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर, 58,024 करोड़ (6.8 बिलियन) पर पहुँच गया, जिसमें उपभोक्ता व्यवसायों और अन्य प्रकार की आय का मजबूत योगदान रहा. वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में रिलायंस का कंसोलिडेटिड कर-पश्चात लाभ तथा सहयोगी व संयुक्त उद्यमों का लाभ/(हानि) का हिस्सा पिछले वर्ष की तुलना में 76.5ज् बढ़कर रिकॉर्ड ?30,783 करोड़ (3.6 बिलियन) का हो गया. वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही का पूंजीगत व्यय 30 जून, 2025 तक, 29,875 करोड़ (3.5 बिलियन) रहा. वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में जियो प्लेटफॉर्म्स का एबिडटा साल-दर-साल 23.9ज् बढ़कर 18,135 करोड़ रुपए हो गया. पहली तिमाही में जियो का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 24.8ज् बढ़कर 7,110 करोड़ रुपए हो गया. पहली तिमाही में जियो के नेट ग्राहकों की तादाद में 99 लाख का इज़ाफा देखा गया. मोबिलिटी में निरंतर बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ने और रिकॉर्ड घरेलू कनेक्शनों के कारण ग्राहकों की संख्या में यह तेज़ी आई.

रिलायंस जियो इंफोकॉम के चेयरमैन आकाश एम अंबानी ने कहा कि जियो के लिए ये तिमाही एक मील का पत्थर है. इस बार हमारे 5ज् के ग्राहकों की संख्या 20 करोड़ पार कर गई. होम सबस्क्राइबर का बेस भी 2 करोड़ के पार पहुँच गया है. जियो ने भारत में अपनी अत्याधुनिक डिजिटल सर्विस को आगे बढ़ाते हुए जियोगेम्स क्लाउड और जियोपीसी बंडल लॉन्च किए हैं.

> रिलायंस रिटेल वेंचर्स की कार्यकारी निदेशक ईशा एम अंबानी ने कहा कि रलायंस रिटेल ने इस तिमाही में दमदार प्रदर्शन किया है. हमारा ध्यान परिचालन उत्कृष्टता, भौगोलिक विस्तार और बेहतर उत्पाद पोर्टफोलियो पर निरंतर बना रहा. अत्याधुनिक तकनीकों और विशिष्ट उत्पाद पेशकशों में हमारे निरंतर निवेश ने हमें अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने और तेज़ी से विस्तार की ताकत दी है.

टायर सेक्टर की रफ्तार बनी रहेगी : रिपोर्ट

नयी दिल्ली, 18 जुलाई (वार्ता) देश के टायर सेक्टर की विकास दर वित्त वर्ष 2025-26 में सात-आठ प्रतिशत पर स्थिर रहने की उम्मीद है. बाजार अध्ययन एवं रेटिंग कंपनी क्रिसिल ने शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही.

क्रिसिल का मानना है कि घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों द्वारा मांग में कमी आने और निर्यात के स्थिर बने रहने से टायर सेक्टर की आधी कमाई रिप्लेसमेंट मांग से होगी. उसने इस क्षेत्र के परिचालन लाभ के 13 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान लगाया है क्योंकि लागत में स्थिरता और उत्पादन क्षमता को अच्छे इस्तेमाल के कंपनियों का व्यय सीमित रहेगा.

उल्लेखनीय है कि देश के टायर सेक्टर की बिक्री में 75 प्रतिशत योगदान घरेलू क्षेत्र का है जबकि शेष का निर्यात किया जाता है. क्रिसिल रेटिंग से वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष की तरह ही मौजूदा वित्त वर्ष में भी बिक्री की मात्रा पाँच से छह प्रतिशत बढ़ने की संभावना है. इसमें रिप्लेसमेंट सेगमेंट में छह से सात प्रतिशत और वाहन निर्माता कंपनियों द्वारा तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है.

एसबीआई बना विश्व का श्रेष्ठ बैंक

आईएमएफ बैठक में मिलेगा सम्मान

52 करोड़ ग्राहकों का भरोसा कायम

मुंबई, 18 जुलाई (वार्ता) देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने साल 2025 के लिए दुनिया का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक चुना है.बैंक ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी.

एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. सेट्टी इस साल 18 अक्टूबर को आईएमएफ/विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे.सेट्टी ने इस उपलब्धि के लिए बैंक के ग्राहकों, समर्पित कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने बैंक पर भरोसा दिखाया है. उन्होंने कहा कि एसबीआई की विकास रणनीति में ग्राहक अनुभव केंद्रीय बिंदु है. बैंक में खाता खोलना आसान हो गया है, क्षेत्रीय भाषाओं में वॉयस बैंकिंग की सुविधा दी जा रही है और डिजिटल सहायता चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई जा रही है. इन पहलों का उद्देश्य हर तरह के क्षेत्र में विशेषकर ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है.

वर्तमान में एसबीआई के 52 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं और यह देश का सबसे बड़ा बैंक है.

विदेशी मुद्रा भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर पर

मुंबई, 18 जुलाई (वार्ता) देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे सप्ताह गिरकर 696.67 अरब डॉलर रह गया है. रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 3.064 अरब डॉलर घटकर 696.672 अरब डॉलर रह गया. यह छह जून के बाद पाँच सप्ताह का निचला स्तर है. विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की मुख्य वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और स्वर्ण भंडार का कम होना रहा. आरबीआई ने बताया कि 11 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.477 अरब डॉलर घटकर 588.81 अरब डॉलर रह गयी. सोने के भंडार में 49.8 करोड़ डॉलर की गिरावट रही.

भारत दुनिया भर में निवेशकों के लिए आकर्षक स्थल : रिपोर्ट

मजबूत उपभोक्ता मांग से भारत को बढ़त

मैन्युफैक्चरिंग-इंफ्रास्ट्रक्चर में दिखे अपार अवसर

नई दिल्ली, 18 जुलाई. अग्रणी वैश्विक निवेश फर्म केकेआर ने इस बात पर जोर दिया है कि स्थिरता, संरचनात्मक सुधारों और एक मजबूत उपभोक्ता आधार के कारण भारत दुनिया भर में एक आकर्षक निवेश स्थल बना हुआ है. केकेआर ने अपने '2025 मिड-ईयर ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' में कहा है कि भारत की विकास संभावनाएं और अनुकूल बाजार परिस्थितियां देश को निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर बनाती हैं.

रिपोर्ट में कहा गया है, मैक्रो दृष्टिकोण से, ग्लोबल ट्रेड फ्रिक्शन से भारत की सापेक्षिक सुरक्षा बरकरार है, जिसे इसकी मुख्यत: घरेलू उपभोक्ता-संचालित अर्थव्यवस्था का समर्थन प्राप्त है.रिपोर्ट में आगे कहा गया है, हम आज भी उभरते बाजारों में भारत को सबसे आकर्षक रणनीतिक आवंटनों में से एक के रूप में देखते हैं.

केकेआर की ग्लोबल मैक्रो एंड एसेट अलोकेशन टीम द्वारा प्रकाशित इस रिपोर्ट में सौम्य वैश्वीकरण से महाशक्ति प्रतिस्पर्धा की ओर बदलाव के बीच एक स्केलेबल अवसर के रूप में भारत की यूनिक पॉजिशन पर जोर दिया गया है.

केकेआर ने भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर और क्रेडिट इंवेस्टमेंट में भी महत्वपूर्ण संभावनाएं देखीं, क्योंकि निजी क्षेत्र इन रुझानों का लाभ उठा रहा है.केकेआर की रिपोर्ट में कहा गया है, वैश्विक व्यापार परिदृश्य में सुधार के साथ भारत अपनी मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी बढ़ाने की अच्छी स्थिति में है, खासकर जब तेल की कीमतें कम हो रही हैं और 'चीन+1' रणनीतियां मजबूत हो रही हैं. उत्पादन-संबंधी प्रोत्साहन और आसान एफडीआई नियम व्यापक पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने के सरकारी प्रयासों के केंद्र में हैं.

समाचार विशेष

प्रशांत किशोर का क्या है प्लान?

अपनाएंगे केजरीवाल मॉडल या चुनेंगे बक्सर का मैदान

पटना. बिहार में साल के अंत में एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए अहम चुनाव होने वाला है. इस दो ध्रुवीय सियासी दंगल को चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रहे हैं. काफी हद तक जमीन पर उनकी मेहनत रंग लाती हुई दिख रही है.

हालांकि बिहार की राजनीति को समझने वाले सियासी समीकरण को जात भी गंवाया और भात भी नहीं खाया कहावत से व्यख्या करते हैं. इसका मतलब दूसरी जाति के प्रत्याशी को वोट तो दिया, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं है. इसका सीधा मतलब है कि बिहार की राजनीति में जाति हावी है. इसी सियासी जाति-पाति को खत्म करने के लिए प्रशांत किशोर संघर्ष कर रहे हैं. पीके ने स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी गठबंधन में नहीं जाएंगे. सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे. लेकिन सवाल यही है कि प्रशांत किशोर क्या चुनावी मैदान में उतरेंगे? क्योंकि चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने किशोर अभी तक कोई चुनाव नहीं लड़े हैं. हालांकि वह चुनाव लड़वाते रहे हैं.

प्रशांत किशोर जनसुराज की सियासत की धुरी है. उन्हीं के इर्द-गिर्द जन सुराज की राजनीति घूमती है. ऐसे में पूरे बिहार में उन्हें ही प्रचार करना है. स्वयं के चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रशांत किशोर कहते हैं कि पार्टी जो भूमिका तय करेगी मैं निभाने को तैयार हूं. चुनाव लड़ने को कहेगी तो चुनाव लड़ जाउंगा. वहीं सीट के सवाल पर कहते हैं कि राघोपुर से लड़ जाउंगा. हालांकि इससे पहले मार्च में उन्होंने राघोपुर विधानसभा से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था.

भाजपा की ब्राह्मणों में पैठ बनाए रखने की कसरत

लखनऊ. उत्तर प्रदेश में सज रही चुनावी बिसात पर भाजपा ने अन्य जातियों को साधने के साथ ब्राह्मणों में भी पैठ बनाए रखने को कसरत तेज कर दी है. सरकार का ब्राह्मण चेहरा कहे जाने वाले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक इसकी कमान संभाले हुए हैं.

सपा मुखिया अखिलेश यादव सहित अन्य विरोधियों के वार पर पलटवार करने के साथ सजातीय नेताओं संग नियमित संवाद की कसरत चल रही है. इससे पहले वह बसपा की सोशल इंजीनियरिंग में ब्राह्मण समाज का समर्थन पाने में भी भूमिका निभा चुके हैं. आगामी विधानसभा चुनाव और उससे पहले होने वाले पंचायत चुनावों के लिए ब्राह्मण वोट बैंक में हिस्सेदारी की भी होड़ मची है.

थरूर को हकीकत का अहसास हुआ!

तिरुवनंतपुरम. कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर के बारे में कहा जा रहा है कि उनको हकीकत का अहसास हो गया है. उनको लगने लगा है कि भाजपा कुछ नहीं देने जा रही है क्योंकि अभी तक उनकी कोई ठोस बातचीत नहीं हुई है.

बताया जा रहा है कि वे केंद्र में मंत्री बनने की उम्मीद लगाए हुए हैं और वह भी विदेश मंत्री. लेकिन इसका भरोसा कौन देगा? वह तो सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही दे सकते हैं. लेकिन उससे पहले लोकसभा से इस्तीफा देकर उनको सांसद बनना होगा, जो कि अभी संभव नहीं है. ऊपर से यह भी साफ हो गया है कि भाजपा उनको मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाने जा रही है.

असल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर अपनी अलग बिसात बिछा रहे हैं. उन्होंने केरल की कमेटी में एक मुस्लिम और तीन ईसाई पदाधिकारी बनाए हैं और इसके अलावा 10 पिछड़े और दलित रखे हैं. ऊपर से भाजपा ने अपने पुराने नेता और सीपीएम विरोध की राजनीति का प्रतीक चेहरा रहे सी सदानंदन मास्टर को राज्यसभा में मनोनीत कर दिया है. सुरेश गोपी त्रिशुर से भाजपा के सांसद हैं और केंद्र में मंत्री हैं. ऐसे में शशि थरूर से भीड़ बढ़ेगी. लेकिन मुश्किल यह है कि थरूर को अगर इस हकीकत का अहसास हो भी गया तो क्या होगा? कांग्रेस में तो वे अपनी जगह गंवा चुके हैं. एक समय वे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बहुत प्रिय थे. सोनिया और राहुल गांधी तक उनकी सीधा पहुंच थी. लेकिन अति महत्वाकांक्षा में उन्होंने सबको नाराज कर दिया. बाकी काम राहुल गांधी के साथ गोंद की तरह चिपके केरल के नेता केसी वेणुगोपाल ने कर दिया.

एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालय: एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग लोअल परेल(पश्चिम) मुंबई- 400013
शाखा: एच.डी.एफ.सी. हाऊस, 10-A/1, एम.जी. रोड, इन्दौर-452001, **CIN:** L65920MH1994PLC080618, **वेबसाईट** : www.hdfcbank.com

आधिपत्य सूचना

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के सपठित धारा 13(12) में प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी/यों (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) द्वारा अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना पत्र जारी कर निम्नलिखित ऋणियों/वैध वारिसों/वैध प्रतिनिधियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई राशियों के भुगतान तथा/या वसूली की दिनांक तक आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित कथित सूचनाओं की दिनांक से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में अंकित लागू दरों पर ब्याज सहित अदा करने करने हेतु निर्देशित किया था।

क्रं.	ऋणीयों/वैध वारिसों तथा वैध प्रतिनिधियों के नाम	बकाया राशि	मांग नोटिस की दिनांक	आधिपत्य दिनांक	अचल संपत्ति (यों)/ सुरक्षित आस्ति (यों) का विवरण
1.	**श्री मांगीलाल श्री धर्मेश प्रजापत एवं श्रीमती सायरी देवी**	₹ **25,60,606/-** दिनांक **31.10.2021** को	29.11.2021	**17.07.2025 (भौतिक आधिपत्य)**	प्लॉट नं. 176, उत्तरी भाग, पदमालय कॉलोनी, शिक्षक नगर, स्कीम नं. 3, खसरा नं. 347/1, 348/1, ग्राम छोटा बांगडदा, विद्या पैलेस कॉलोनी के पीछे, इन्दौर-452005, क्षेत्रफल (65.42 वर्ग मीटर), **चर्तु:सीमा:** पूर्व: रोड, पश्चिम: प्लॉट नं. 175, उत्तर: रोड, दक्षिण: प्लॉट नं. 176 का शेष भाग

*भुगतान तथा/या वसूली की दिनांक तक के लागू ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि सहित। तथापि, उपरोक्त दर्शित ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधि देय राशि के भगतान करने में असफल रहे हैं, उपरोक्त ऋणीयों/ तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषत: एवं सर्वसाधारण को सामान्यत: सूचित किया जाता है कि सपठित नियम 8 सहित कथित अधिनियम की धारा 13(4) द्वारा प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत एच.डी.एफ.सी. के प्राधिकृत अधिकारीयों ने उपरोक्त दिनांक को यहाँ वर्णित अचल संपत्तियों/सुरक्षित आस्तियों का **भौतिक आधिपत्य** ले लिया है।

ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों को विशेषत: एवं सर्वसाधारण को सामान्यत: सावधान किया जाता है कि उपरोक्त अंकित अचल संपत्तियों एवं सुरक्षित आस्तियों के संबंध में कोई संव्यवहार ने करें एवं सदर अचल सम्पत्तियॉ एवं सुरक्षित आस्तियॉ एच.डी.एफ.सी. के आधिपत्य में है। ऋणियों तथा उनके प्रतिनिधियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

पंचनामा की प्रतियां और विस्तृत सूची अधोहस्ताक्षरी के साथ उपलब्ध हैं, और यह कि ऋणियों/वैध वारिसों तथा उनके वैध प्रतिनिधियों को सामान्य कार्यालय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरित से संबंधित प्रतिलिपि एकत्र करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

स्थान : इन्दौर — **वास्ते/- प्राधिकृत अधिकारी**
दिनांक : 19.07.2025 — **एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

प्रधान कार्यालय : 112, जे.सी. रोड, बैंगलूर - 562002
क्षेत्रीय कार्यालय: ओमेगा टॉवर, तीसरी मंजिल, 32 मैकेनिक नगर, भमोरी, इंदौर फोन: 0731-2573816

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने **केनरा बैंक, इंदौर** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन **अधिनियम** 2002 की धारा के अंतर्गत, सिक्युरिटी इन्ट्रेस्ट (एनफोर्समेंट) **अधिनियम 2002 का अधिनियम संख्यांक 54** के साथ पठित, **सेक्शन 13 (12) नियम 3** के अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोलिखित खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को नोटिस जारी कर ऋणियों को नोटिस की तारीख/ नोटिस प्राप्ति को तारीख से **60 दिन** के अंदर उक्त खाते के सामने दर्शाई गई राशि अदा करने के लिए कहा था। ऋणी उक्त राशि चुकाने में असफल रहा है अत: ऋणियों तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट के सेक्शन **13 (4)** उक्त एक्ट के साथ पठित उक्त रूल्स के नियम **9** के द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोलिखित संपत्ति का कब्जा उक्त खाते के सामने दर्शाई गई तारीख को ले लिया है। एतद् द्वारा ऋणियों को विशेष एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है कि उक्त संपत्ति विषयक कोई संव्यवहार न करें ऐसा कोई भी संव्यवहार वसूल की जाने वाली उल्लेखित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो हेतु **केनरा बैंक, इंदौर** के प्रभार के अधीन रहेगा।

क्रं.	शाखा का नाम एवं मोबाईल नं.	ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम	बंधक संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की बकाया राशि (₹)	मांग नोटिस की दिनांक / कब्जा लेने/चस्पा करने की दिनांक
1	एमजी रोड शाखा, इन्दौर 7049919105	**मेसर्स चीरंजीवी हेल्थ केयर, प्रोप्राईटर श्रीमती प्रतिक्षा मिश्रा एवं श्रीमती प्रतिक्षा मिश्रा पति कार्तीकेय मिश्रा (ऋणी), श्री कार्तीकेय मिश्रा पिता कमलेश मिश्रा (जमानतदार)**	**1.** रहवासी फ्लेट नं. 207, दूसरी मंजिल, अमर मेट्रोस, प्लाट नं. 22/1, पगनिसपागा, इन्दौर (म.प्र.) 452007, **क्षेत्रफल: 1189 वर्गफीट (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल), मालिक: श्रीमती प्रतिक्षा मिश्रा पति कार्तीकेय मिश्रा, सीमाएं: उत्तर:** सड़क, **दक्षिण:** कॉमन पेसेज, **पूर्व:** फ्लेट नं. 208, **पश्चिम:** फ्लेट नं. 206 **2.** रहवासी फ्लेट नं. 307, तीसरी मंजिल, अमर मेट्रोस, प्लाट नं. 22/1, पगनिसपागा, इन्दौर (म.प्र.) 452007, **क्षेत्रफल: 1189 वर्गफीट (सुपर बिल्टअप क्षेत्रफल), मालिक: श्रीमती प्रतिक्षा मिश्रा पति कार्तीकेय मिश्रा, सीमाएं: उत्तर:** सड़क, **दक्षिण:** कॉमन पेसेज, **पूर्व:** फ्लेट नं. 308, **पश्चिम:** फ्लेट नं. 306	**86,93,732.77 + दिनांक 01.05.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे**	**07.05.2025 / 16.07.2025**

स्थान : इन्दौर, दिनांक : 19.07.2025 — **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक**

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग

विज्ञप्ति क्रमांक: 40 — **निविदा सूचना** — **दिनांक: 16.07.2025**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक	कार्य का नाम	1. कार्य की समयावधि 2. लागत	1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि/ खुलने की तिथि
01	2025_UAD_437902 16-07-2025	झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 80 के अंतर्गत आने वाले वैशाली नगर राधिका स्वीट्स के पीछे की सम्पूर्ण बेकलेन एवं गणेश केप मार्ट के पीछे की सम्पूर्ण क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नइ ड्रेनेज लाईन डालना। (पंचम बार निविदा आमंत्रण)	6 माह ₹22,78,286/-	₹5,000/- ₹17,100/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
02	2025_UAD_437903 16-07-2025	झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 25 के अंतर्गत जनता क्वार्टर म.नं. 87 से 508 एवं म.नं. 733 से म.नं. 808 तक एवं अन्य स्थानों पर क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन की लाईन बदल कर नवीन ड्रेनेज की लाईन डालने का कार्य करने बाबद। (छठी बार निविदा आमंत्रण)	6 माह ₹26,64,024/-	₹5,000/- ₹20,000/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
03	2025_UAD_437904 16-07-2025	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अंतर्गत लुनियापुरा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त व ध्वस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नई सीवर लाईन डालने बाबद। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹19,58,262/-	₹2,000/- ₹14,700/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
04	2025_UAD_437906 16-07-2025	झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 10 के अंतर्गत पूर्व विधायक फुलचंद्र वर्मा के घर से शासकीय स्कूल तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज के स्थान पर नई ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹10,85,017/-	₹2,000/- ₹8,200/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
05	2025_UAD_437910 16-07-2025	झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 52 के अंतर्गत स्कीम नं. 94 आईडिया बिल्डिंग ए.बी.सी.डी. ब्लॉक के आस-पास नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण)	6 माह ₹23,39,125/-	₹5,000/- ₹17,600/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
06	2025_UAD_437914 16-07-2025	झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 11 के अंतर्गत गणेश केबल से अजय गायकवाड जी के घर तक एवं आवश्यकतानुसार अन्य समीप गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने का कार्य करना। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹17,33,267/-	₹2,000/- ₹13,000/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
07	2025_UAD_437917 16-07-2025	झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 79 के अंतर्गत पाटलीयापुरा की सम्पूर्ण गलियों व मुख्य मार्ग पर ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹14,95,911/-	₹2,000/- ₹11,300/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
08	2025_UAD_437921 16-07-2025	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 54 के अंतर्गत भील कॉलोनी में म.नं. 9 से म.नं. 16 कविता भूरिया जी के घर तक 300 एम.एम. डाया की नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹11,97,020/-	₹2,000/- ₹9,000/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
09	2025_UAD_437925 16-07-2025	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 45 के अंतर्गत स्थित 02 पुलिया से दवे नगर पुलिया तक डी.डब्ल्यू.सी. पाईप लाईन डालकर आऊटफॉल ट्रेप करना। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹13,82,124/-	₹2,000/- ₹10,400/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
10	2025_UAD_437926 16-07-2025	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 के अंतर्गत बिचौली मर्दाना पहाड़ी टेकरी बेक लाईन में ड्रेनेज लाईन डालना। (चतुर्थ बार निविदा आमंत्रण)	6 माह ₹48,78,176/-	₹5,000/- ₹36,600/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
11	2025_UAD_437927 16-07-2025	झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75 के अंतर्गत तेजाजी चौक प्रकाश परमार के घर के पीछे बाबू बंजारा के घर के सामने एवं कमल परमार के घर के सामने ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹10,47,510/-	₹2,000/- ₹7,900/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
12	2025_UAD_437928 16-07-2025	झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 के अंतर्गत स्थित साउथ गाडराखेड़ी में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के पाईप लाईन तथा मेनहोल संधारण कार्य कर मेनहोल जेकेटिंग कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	6 माह ₹24,39,111/-	₹5,000/- ₹18,300/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025
13	2025_UAD_437929 16-07-2025	झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 10 के अंतर्गत स्थित डगर मोहल्ला धर्मेन्द्र चौहान के घर के आस पास की गलियों व आगनवाड़ी के पास क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण)	4 माह ₹15,36,039/-	₹2,000/- ₹11,600/-	30-07-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 31-07-2025

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर